यदि लेखक के मरणोपरांत उससे सहानुभूति दिखाने के बहाने उसके जीवन के दुखद प्रसंगों को सबके सामने चित्रित या उजागर किया जाय तो उसका असम्मान होगा। इसलिए साहित्यकार पर जब भी फिल्में बनें तो उसके व्यापक साहित्यिक और रचनात्मक योगदान को रेखांकित करने के लिए, उसके व्यक्तिगत जीवन की छोटी- मोटी और अनावश्यक बातों को तूल देने के लिए नहीं। फिल्म उसके सम्मान में बने, उसका तमाशा बनाने या फजीहत के लिए नहीं। फिल्म / डाक्यूमेंट्री विश्वसनीय और सत्य होते हुए कलात्मक और प्रेरणादायी भी हो, साहित्यकार के जीवन से प्रेरणा मिले और उसके साथ न्याय भी हो, ऐसी त्रिगुणात्मक पटकथा आवश्यक है। यह ध्यान रखना अनिवार्य है कि उसका जीवन - वृत्त व्यावसायिकता और ग्लैमर की भूख का शिकार न हो जाए। लेखकों पर फिल्म न बनने का तीसरा कारण है- मानव स्वभाव उन कहानियों की मांग अधिक करता है जिनमें जनता को अपना हीरो दिखाई दे। इस वजह से खिलाड़ियों और नेताओं- यहाँ तक कि उद्योगपतियों पर सफल फ़िल्में या टेलीफिल्म बन चुकी हैं। इसके उदाहरण हैं- नेहरू, गाँधी, इंदिरा गाँधी, धीरुभाई अम्बानी, मिल्खा सिंह, महेंद्र सिंह धोनी, मैरी कॉम। ये सभी व्यक्ति एक महान व्यक्तित्व के रूप में जनता के दिलो- दिमाग पर कभी- न- कभी राज कर चुके हैं और उतार- चढ़ाव भरा संघर्षमय जीवन जी चुके हैं। इन पर फिल्म बनाने पर बॉक्स ऑफिस पर चलने की सम्भावना अच्छी थी। इसके अलावा, विवादास्पद प्रसंगों में भी मानव मन को सहज कौतूहल होता है । इसीलिये मंटो के उतार- चढ़ाव से भरे विवादास्पद जीवन पर फ़िल्म बनी। अमृता प्रीतम पर फिल्म बनने से पहले ही समाचार पत्र और यू- ट्यूब पर उनके व्यक्तिगत जीवन से जुड़े अनेक किस्से सुखिर्याँ बटोरते नज़र आए। इससे साफ़ जाहिर होता है कि उनपर बन रही फिल्म का प्रयोजन सतही तौर पर उनका सम्मान हो सकता है पर असली मकसद उनके जीवन के विवादों और प्रेम प्रसंगों को बाक्स आफिस में भुनाने का ही दिखता है। अब तो अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत जिसके जीवन और मृत्यु- दोनों पर रहस्य और विवाद छाए रहे, के प्रेम प्रसंगों भरे जीवन पर भी फिल्म बन रही है।

शायद अंग्रेजी कवि शेली ने ठीक कहा था-

उदासी से भरे गीत हमें सबसे प्यारे लगते हैं।

लेखकों पर फिल्म न बनने का अगला कारण धन विनियोग से जुड़ा है। लेखक पर कमशिर्यल फ़िल्म बनाने से लोग बचते हैं क्योंकि इसके लिए भारी बजट लगाना पड़ता है और इन फिल्मों की सफ़लता में संशय होता है । फ़िल्म व्यवसायिकता की दृष्टि से बनाई जाती है?। हमारे यहाँ धीरूभाई और मेरी कॉम के रोल के लिए भी ग्लैमरस अभिनेता लिए जाते हैं ताकि फिल्में अच्छी कमाई कर सकें। मंटो की फिल्म के दर्शक भारत और पाकिस्तान- दोनों जगह से थे और कमाई की अच्छी सम्भावना थी। वैसे तो कम बजट में भी कई कलात्मक फिल्में बनती और सफ़ल होती हुई देखी गयी है मगर बजट के लिहाज से अच्छी डाक्यूमेंट्री बन सकती है जिस पर लाभ या हानि न हो। मिर्ज़ा ग़ालिब पर बनी सफल डाक्यूमेंट्री की तरह प्रेमचंद, जयशंकर प्रसाद , नरेंद्र कोहली, महादेवी वर्मा, जयशंकर प्रसाद, हरिवंश राय बच्चन, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला और सुमित्रा नंदन पंत जैसे महान व्यक्तित्व पर डाक्यूमेंट्री बन सकती है। टेलीसीरीज भी बन सकती है पर इसमें भी बड़े- बड़े कलाकारों की भीड़ जुटाना, नेटवर्क और ब्रोडकास्टिंग के निर्देशों का अनुपालन करना पड़ता है जो खर्चीला और असुविधाजनक हो सकता है। कमशिर्यल फ़िल्म, टेलीसीरीज या डाक्यूमेंट्री बनाने से बहुत बेहतर उपाय है- वेबसीरीज़ बनाना । वेबसीरीज़ में एक कैमरा, एक स्क्रिप्ट और उसे बोलने के लिए कुछ लोगों की आवश्यकता होती है जो पेशेवर अभिनेता नहीं होते । इसे यू-ट्यूब या अन्य वेबसाइट पर देखा जा सकता है। ईसा रे की सफल वेबसीरीज़ ' मिसएडवेंचर्स ऑफ़ ऑकवर्ड ब्लैकगर्ल' यू-ट्यूब पर काफी सफल हुई थी और फिर एच.बी.ओ. ने उसे अनुरोध किया था टेलीसीरीज 'इनसिक्योर' बनाने के लिए।सिनेमा स्वयं समाज की परिस्थितियों से जन्म लेता है मगर अपने प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण के द्वारा वह आनेवाले समय में समाज की दशा और दिशा- दोनों को प्रभावित करता है। इसलिए आवश्यक है कि सिनेमा घटिया और फूहड़ विषय चुनने की बजाय एक शिक्षित, स्वस्थ और सुखी समाज के निर्माण को अपना विषय बनाए वरना सामाजिक सुधार और क़ानून का राज्य जैसी उच्च भावनाएं दिवा- स्वपन बन कर रह जाएंगी। आशा है, यह बात अमृता प्रीतम की जीवनी बनाने वाले निर्माताओं, सरकारी अकादमी तथा फिल्म इंस्टिट्यूट तक अवश्य पहुँचेगी। बात केवल इच्छाशक्ति की है।

संज्ञेय अपराध में एफआईआर दर्ज कराने का कानूनी रास्ता

राजेश चौधरी/लीगल फोरम

संज्ञेय अपराध में प्रथम सूचना रिपोर्ट (इंई) दर्ज करना पुलिस की ड्यूटी है। यह अनिवार्य है। कई बार ऐसा भी होता है कि शिकायत देने के बावजूद पुलिस इंई नहीं करती। अगर पुलिस संज्ञेय अपराध में केस दर्ज करने में आनाकानी करे तो क्या हमारे पास कोई कानूनी रास्ता बचता है, यह पता होना चाहिए। संज्ञेय अपराध गंभीर क्राइम होते है, जैसे मर्डर, रेप, लूट, डकैती, हत्या की कोशिश, सेक्सुअल अपराध या ऐसा कोई भी क्राइम जिसमें आमतौर पर 3 साल या उससे ज्यादा की सजा मिलती हो। कई बार संज्ञेय अपराध होने के बाद जब शिकायती थाने जाते हैं तो पुलिस उनकी शिकायत पर मुहर लगाकर दे देती है लेकिन केस की इंई दर्ज नहीं होती। कानूनी जानकार करण सिंह बताते हैं कि अगर हम बाजार जा रहे हैं और किसी ने मोबाइल लूट लिया या फिर ऑफिस से बाहर निकले और देखा कि गाड़ी गायब है। कई बार घर के बाहर से भी गाड़ी चोरी हो जाती है। इन मामलों में पुलिस की ड्यूटी है कि केस दर्ज करके छानबीन करे। कई बार पुलिस केस दर्ज करने में आनाकानी करती है वैसे सीआरपीसी के तहत और सुप्रीम कोर्ट के ललिता कुमारी केस में दिए फैसले के तहत केस दर्ज करना जरूरी है। फिर भी केस दर्ज न किया जाए तो शिकायती अपने इलाके के मैजिस्ट्रेट की कोर्ट में गुहार लगा सकता है।हाई कोर्ट के वकील एमएस खान बताते हैं कि अगर अपराध संज्ञेय है तो पुलिस को इंई दर्ज करनी पड़ेगी।

सीआरपीसी की धारा-154 में प्रावधान है कि संज्ञेय अपराध की सूचना मिलने पर पुलिस को केस दर्ज करना होगा। शिकायत के बावजूद पुलिस केस दर्ज नहीं करती है तो शिकायती 15 दिनों के भीतर अपने इलाके के डीसीपी या जिले के एसपी से शिकायत कर सकता है। शिकायती जब पहली बार थाने जाता है तो उसे शिकायत की दो कॉपी ले जानी चाहिए और एक कॉपी पर मुहर लगवाकर रिसिविंग लेनी चाहिए। जब थाने में केस दर्ज न हो तो आला अधिकारियों को दी गई शिकायत की भी मुहर लगी कॉपी अपने पास रखनी चाहिए। शिकायती चाहे तो ईमेल के जरिये भी इलाके के डीसीपी से शिकायत कर सकता है। इसके बाद भी अगर केस दर्ज न हो सके तो जिस इलाके में वारदात हुई है, उस इलाके के मैजिस्ट्रेट की कोर्ट में सीआरपीसी की धारा-156 (3) के तहत शिकायत कर सकते हैं। इसके लिए पुलिस को दी गई शिकायत की कॉपी पेश करनी होती है और पूरी घटना का ब्यौरा अर्जी में देना होता है।एडवोकेट मनोज शर्मा बताते हैं कि जिले के हर थाने का इलाका मैजिस्ट्रेट (दिल्ली में मेट्रोपॉलिटन मैजिस्ट्रेट) तय होता है।

जिला अदालत में इसकी लिस्ट होती है। वहां के वकील की सहायता से मैजिस्ट्रेट की कोर्ट में अर्जी दाखिल कर सकते हैं। सुनवाई के दौरान अगर शिकायती की दलील से कोर्ट संतुष्ट हो जाए तो इलाके के एसएचओ को नोटिस जारी किया जाता है और एसएचओ को केस दर्ज कर छानबीन करने का आदेश दिया जाता है। कई बार मैजिस्ट्रेट इलाके के एसएचओ से स्टेटस रिपोर्ट मांगते है और कोर्ट संतुष्ट हो तो केस दर्ज करने का आदेश दिया जाता है। अगर मैजिस्ट्रेट की कोर्ट से शिकायती की अर्जी खारिज हो जाए तो उसे अधिकार है और सेशन कोर्ट में मैजिस्ट्रेट की कोर्ट के फैसले को चुनौती दे सकते है। वहां भी अर्जी खारिज हो जाए तो हाईकोर्ट जा सकते है। इसका मतलब है कि पुलिस संज्ञेय मामले में केस दर्ज न करे तो हम कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकते है।



क्रियायोग संदेश

प्रयागराज मंगलवार 13 जुलाई 2021

पद के लिए संघर्ष राष्ट्रहित के विपरीत

आज आवश्यकता है हम सत् मार्ग का अनुसरण करें। पैगम्बर जिस मार्ग पर चले हैं, उसी मार्ग पर चलना सत् मार्ग का अनुसरण करना है। आज हमारे देश में लोग पद व धन के लिए लड़ते हैं। जिस धरती पर भगवान श्री राम, योगेश्वर श्रीकृष्ण, संत कबीर, नानक देव, प्रभु ईसा, प्रभु मूसा, पैगम्बर महात्मा गाँधी आदि महान विभूतियों ने कभी भी पद व धन के लिए संघर्ष नहीं किया। वहीं पर जो लोग जो पद व धन पाने के लिए लड़ते रहते हैं और एक-दूसरे को मिटाने के लिए प्रयत्नशील रहते हैं। यह परम्परा भारतीयता के विपरीत है। राष्ट्रहित के लिए यह आवश्यक है कि हम पद व धन के लिए मा-रामारी न करके सच्चे सेवाभाव का विस्तार करें। यह तभी संभव है जब व्यक्ति क्रियायोग ध्यान से जुड जाये।

QUALITY OF A TRUE LEADER

True leader is a humble servant of all citizens, charged with principle and philosophy of knowledge, peace and joy-giving ideas, thoughts, and concepts. Any person who is behind money and post cannot be a true leader of the nation. Practically, it is proved that a devoted Kriyayoga Meditator serves human beings and all creations of the nation as a humble servant and is never behind money and post.

A leader who is behind post and money always creates an atmosphere of criminal activities in the name of economic growth which is in actual fact, corrupt economic growth; thus, dividing humanity in the name of religion and always spreading rumours to divide family and society. Through these inhuman and criminal activities, the so-called leaders create a fellowship of their own kind, working to strengthen the power of divide and rule.

A leader should have spiritual love for all where there is no existence of idea, thought and concept of relativity behind any work performed. A leader is able to distribute all things to all persons according to their real need which awakens hidden power, knowledge and peace within their existence. In order to understand the lifestyle of a true leader, one should concentrate on visible existence of Self (head to toes). Observe the behaviour of mouth. The mouth eats all food which is distributed to all parts of body without discrimination. Exactly in the same way, a leader should work for the public and nation.



Kriyayoga: Spiritual Journey of The 14 Universes

As understood by disciples during class sessions of Guruji Swami Shree Yogi Satyam, Kriyayoga Master & Scientist

Decide to follow the path that is of all prophets of all lands and ages. All of them taught one thing - there is no time and space. There is only Immortality.

Before Lahiri Mahasaya, there was no concept or knowledge of Kriyayoga meditation. Whatever methods suggested were incomplete meditation techniques. Many believed a specific method was practised by Buddha - Vipassana and similarly a other Jain method was practised by Mahavir Swami. However, through the practise of these incomplete techniques, no one has been able to reach the advanced states of the great Masters.

In the lineage of Kriyayoga, however, we have seen several examples of those who have through the practice of Kriyayoga Meditation, reached great heights as Lahiri Mahasaya. For example, Sri Yukteswar Giri and his disciple, Sri Paramahansa Yogananda. Further proof of the effectiveness of Kriyayoga meditation can be seen through the existence and widespread of the SRF/YSS Lessons that are promoting the same teachings of Immortality.

With the sincere practice of Kriyayoga meditation, we will not have

insecurities in life. All complaints in life will disappear. Complaints arise due to non-acceptance of another's language, behaviour or actions. When we put into effect the philosophy of Kriyayoga in our lives, and realize the existence of the one Consciousness that is Omnipresent that decides the plan of all events that occur, then we refrain from forming any judgements of our own. When this happens, we will be better able to easily comprehend Kriyayoga philosophy. As we connect with Kriyayoga more and more, our real journey begins... - the travel within through the 14 universes - 7 heavens (swargas) and 7 hells (paataals).

Through Kriyayoga Meditation, we will have a spiritual tour. This journey will be through 14 universes. As we travel through them, we will have more and more knowledge of them and then we will be able to create them as well. Therefore, this spiritual tour of travel through the 14 universes will bring the highest benefit to us. Have infinite patience while we start this journey.

Lahiri Mahasaya said, "Banat Banat Banjaye". Likewise, Jesus Christ also said, " Knock and knock... Door will be opened "

Kriyayoga is the spiritual jetplane that is the 100% secure and safe flight from one universe to another.

When we start the practice of Kriyayoga, we are starting the journey of entry into the 14 universes. Persistent practice of Kriyayoga will teach us how to create the universes.

Wisest are those who have chosen to start this special and most satisfying spiritual journey through the 14 universes and to complete the journey.

इटली के मिलान में यूरो 2020 जीत के जश्न में 15 लोग हुए घायल, 3 अस्पताल में भर्ती

रोम (एजेंसी)। इटली के मिलान में रविवार रात यूईएफए यूरो 2020 फाइनल में इटली की जीत के जश्न के दौरान 15 लोग घायल हो गए। इटली के नेशनल समाचार पत्र कोरिएरे डेला सेरा के मुताबिक, घायल हुए 15 लोगों में से तीन लोग अस्पताल में भर्ती हैं।

यूरो कप फाइनल में हार के बाद इंग्लिश खिलाड़ियों के खिलाफ नस्लीय टिप्पणी, पुलिस ने शुरू की जांच अधिकतर लोगों को चोटें मुख्य रूप से कैथेड्रल स्क्वायर पर आतिशबाजी के कारण आईं हैं, जहां हजारों लोग रविवार रात को जश्न मनाने के लिए इकट्ठे हुए थे। अस्पताल में भर्ती लोगों में से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। खबरों के मुताबिक, उसके पेट में गहरा घाव है, दूसरे की तीन उंगुलियां कट गई हैं, जबकि तीसरे को कथित तौर पर सड़क पर पड़े बैरियर गिरने से चोटें आई हैं।

उल्लेखनीय है कि इटली के फैन्स ने मिलान शहर की नहरों में तैरकर और कूड़ेदान जलाकर इटली की जीत का जश्न मनाया था। कुछ लोग ट्राम के ऊपर चढ़ गए थे और फव्वारों में कूद गए थे। इसी दौरान डकैती के कुछ मामले भी सामने आए, लेकिन अपराधियों को जल्दी पकड़ लिया गया और पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

स्कॉट स्टायरिस ने यूरो कप 2020 फाइनल में हार के बाद इंग्लैंड के जख्मों पर कुछ ऐसे छिड़का नमक

नई दिल्ली (एजेंसी)। इंग्लैंड का विम्बले स्टेडियम यूरो कप 2020 के फाइनल का गवाह बना। इटली ने इंग्लैंड को पेनल्टी शूटआउट में 3-2 से हराकर खिताब पर कब्जा जमा लिया। इटली की टीम जहां खुशी से झूम रही थी, वहीं इंग्लैंड टीम और उसके फैन्स काफी निराश थे। घर पर खेलने के कारण इंग्लैंड की टीम फेवरेट थी, मगर इटली की टीम ने सबको गलत साबित कर दिया। दुनियाभर में खेल जगत की हस्तियों ने इटली को उनकी इस जीत पर बधाई और इंग्लैंड को सांत्वना दे रहे हैं। वहीं, न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर स्कॉट स्टायरिस इंग्लैंड की इस हार पर फब्तियां कस कर उनके जख्मों पर नमक छिड़कने का काम कर रहे हैं।इंग्लैंड की इस हार के बाद कीवी क्रिकेटर स्कॉट स्टायरिस ने एक ट्वीट किया जो अब वायरल हो गया है। उन्होंने लिखा है, 'मुझे समझ नहीं आया, इंग्लैंड के पास ज्यादा कॉर्नर थे, वो विजेता हैं।' इस मैच में इंग्लैंड का कॉर्नर काउंट इटली से ज्यादा था। इंग्लैंड के पांच कॉर्नर वहीं इटली के तीन कॉर्नर थे। इससे पहले एक और कीवी क्रिकेट जेम्स नीशम ने ट्वीट कर इंग्लैंड की इस हार पर व्यंग किया।यह ट्वीट साफतौर पर इंग्लैंड की क्रिकेट वर्ल्ड कप 2019 जीत पर तंज था। 2019 के क्रिकेट वर्ल्ड कप में इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को हराया था।

यूरो कप फाइनल में हार के बाद इंग्लिश खिलड़ियों के खिलाफ नस्लीय टिप्पणी, पुलिस ने शुरू की जांच

लंदन (एजेंसी)। ब्रिटेन की पुलिस ने इटली के खिलाफ यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में इंग्लैंड की हार के दौरान पेनल्टी पर गोल करने से चूकने वाले तीन अश्वेत खिलाड़ियों के प्रति नस्ली दुर्व्यवहार की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने मार्कस रशफोर्ड, बुकायो साका और जेडन सांचो के प्रति दुर्व्यवहार को अस्वीकार्य बताते हुए कहा कि वे आक्रामक और नस्ली सोशल मीडिया पोस्ट की जांच करेंगे। नियमित और फिर अतिरिक्त समय में मुकाबला 1-1 से बराबर रहने के बाद इटली ने पेनल्टी शूटआउट में 3-2 से जीत दर्ज की। इंग्लैंड के फुटबॉल संघ (एफए) ने बयान जारी करके कहा कि वे इस घटिया बर्ताव से स्तब्ध हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि सोशल मीडिया कंपनियों को कार्रवाई करनी चाहिए। जिससे कि उनका मंच घृणित दुर्व्यवहार से मुक्त रहे। एफए ने कहा, 'हम प्रभावित खिलाड़ियों के समर्थन के लिए वह सब कुछ करेंगे जो कर सकते हैं। साथ ही इसके लिए जिम्मेदार लोगों के लिए कड़ी से कड़ी सजा की अपील करते हैं।'

संघ ने कहा, 'खेल से भेदभाव को बाहर करने के लिए हम हर संभव प्रयास जारी रखेंगे, लेकिन हम सरकार से विनती करते हैं कि वे जल्द से जल्द कार्रवाई करें और इस दुर्व्यवहार के खिलाफ उचित कानून बनाएं।

लियोनेल मेसी ने कोपा अमेरिका खिताब को महान डिएगो मारोडोना को किया समर्पित

नई दिल्ली (एजेंसी)। अर्जेंटीना ने शनिवार को डिफेंडिंग चैंपियन ब्राजील को हराकर कोपा अमेरिका का खिताब अपने नाम कर लिया। इसके साथ ही अर्जेंटीना साल 1993 के बाद पहली बार किसी बड़े खिताब को जीतने में सफल रही, साथ ही टीम के कप्तान लियोनेल मेसी भी अपनी टीम को पहली बार किसी बड़े टूर्नामेंट में चैंपियन बनाने में कामयाब रहे। टीम को 15वीं बार कोपा अमेरिका का चैम्पियन बनाने के बाद मेसी ने इस खिताब को अपने परिवार, देश और महान फुटबॉलर डिएगो मारोडोना को समर्पित किया है। मेसी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया और लिखा कि, 'मैं इस सफलता को अपने परिवार को समर्पित करना चाहता हूं, जो हमेशा मेरी मजबूती बनकर रहे हैं। साथ ही यह खिताब मेरे उन सभी दोस्तों और लोगों के लिए है, जिनसे मैं बहुत प्यार करता हूं और जो हमारा खुलकर समर्थन करते हैं। सबसे बढ़कर इस खिताब को उन 45 मिलियन अर्जेंटीना के लोगों को समर्पित करता चाहता हूं, जिन्होंने इस भयानक कोरोना वायरस का सामना किया है।

ब्राजील के खिलाफ फाइनल मैच में अर्जेंटीना की तरफ से एंजले डि मारिया ने पूरे मैच में एकमात्र गोल किया। अर्जेंटीना और मेसी के लिए यह जीत काफी बड़ी है, क्योंकि अर्जेंटीना की टीम ने आखिरी बार 1993 में किसी बड़े खिताब पर कब्जा जमाया था। कोपा अमेरिका टूर्नामेंट में अर्जेंटीना को मिली साल 2007, 2015 और 2016 में हार में मेसी टीम का हिस्सा रहे थे। इसके अलावा विश्व कप 2014 में जर्मनी के हाथों मिली हार भी मेसी को काफी चुभी थी।

आपातकाल के कारण टोक्यो में लोग नहीं मना पाएंगे ओलंपिक से जुड़े जश्न

टोक्यो (एजेंसी)। ओलंपिक खेलों के शुरू होने से 11 दिन पहले जापान की राजधानी में सोमवार से आपातकाल लागू कर दिया गया, क्योंकि यहां नए मामलों की संख्या तेजी से बढ़ रही है और अस्पतालों के बिस्तर भरने लगे हैं। छह सप्ताह का यह आपातकाल 22 अगस्त तक लागू रहेगा। महामारी के शुरू होने के बाद यह चौथी बार है जब टोक्यो में आपातकाल लागू किया गया है। नए आपातकाल का मुख्य लक्ष्य बार और रेस्तरां में परोसी जाने वाली शराब को रोकना है, क्योंकि अधिकारी चाहते हैं कि लोग सार्वजनिक रूप से इकट्ठा होने की जगह घर में रहें और टेलीविजन पर इन खेलों का लुत्फ उठाएं।

आपातकाल के दौरान पार्क, संग्रहालय, थिएटर और अधिकांश दुकानें एवं रेस्तरां को रात 8 बजे बंद करने का अनुरोध किया गया है। टोक्यो के निवासियों से गैर जरूरी चीजों के लिए बाहर निकलने से बचने और घर से काम करने का अनुरोध किया गया है। लोगों को मास्क पहनने और अन्य सुरक्षा उपायों को अपनाने के लिए कहा गया है। इस आपातकाल से टोक्यो की 1.4 करोड़ जनता के साथ चिबा, सैतामा और कानागावा जैसे आसपास के शहरों के कुल 3.1 करोड़ लोग प्रभावित होंगे। इस आपातकाल के उपायों को ओसाका और दक्षिणी द्वीप ओकिनावा में भी लागू किए गए है।स्टेडियम में फैन्स के नहीं होने से इसका 23 जुलाई से आठ अगस्त तक होने वाले ओलंपिक पर भी काफी असर पड़ेगा। नए बैन के बाद फैन्स इन खेलों को सिर्फ टेलीविजन पर देख पाएंगे। टोक्यो में शनिवार को कोविड-19 संक्रमण के 950 मामले सामने आए जो पिछले दो महीने में सबसे ज्यादा है। जापान ने हालांकि दूसरे देशों की तुलना में वायरस का बेहतर तरीके से सामना किया है। वहां इसके लगभग 8.20 लाख मामले दर्ज हुए है जिसमें से मरने वालो की संख्या 15,000 है।

सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि टोक्यो के लोग बार-बार लगने वाले आपातकाल से उब गए हैं और इसमें अब सरकार का सहयोग नहीं कर रहे है।

बड़ी संख्या में युवा रात आठ बजे के बाद सड़कों और पार्कों में इकट्ठा हो जा रहे है और उन्हें रोकने के लिए अधिकारियों ने रात में गश्त शुरू कर दिए हैं। स्वास्थ्य मंत्री नोरिहिसा तमुरा ने कहा है कि ओलंपिक के उत्सव के बीच लोगों को शराब पीने से प्रभावी रूप से रोकना बड़ा सिरदर्द होगा। विशेषज्ञों का कहना है कि जापान में लोग अपनी गर्मी की छुट्टियों और ओलंपिक के दौरान घूमने के कारण एथलीटों और अन्य प्रतिभागियों की तुलना में वायरस के प्रसार में अधिक खतरनाक हो सकते हैं।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने की इंग्लिश खिलड़ियों पर हुई नस्लीय टिप्पणी की आलोचना, बोले- शर्म आनी चाहिए

नई दिल्ली (एजेंसी)। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने इंग्लैंड टीम के खिलाड़ियों पर की गई नस्लीय टिप्पणियों की कड़ी निंदा की है। जॉनसन ने कहा कि इस तरह की हरकत करने वाले लोगों को खुद पर शर्म आनी चाहिए। दरअसल, यूरो कप 2020 के फाइनल मुकाबले में इटली के हाथों पेनल्टी शूटआउट में हार का सामना करने के बाद इंग्लैंड के तीन अश्वेत खिलाड़ियों पर निशाना साधा गया और सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ नस्लीय टिप्पणियां की गईं। बोरिस जॉनसन ने अपने ट्वीट में लिखा, 'इंग्लैंड की यह टीम सोशल मीडिया पर नस्लीय गाली-गलौज नहीं, बल्कि हीरो की तरह तारीफ पाने की हकदार है। इस तरह के घटिया दुर्व्यवहार के लिए जिम्मेदार लोगों को खुद पर शर्म आनी चाहिए।' रविवार रात हुए फाइनल में मार्कस रशफोर्ड की पेनल्टी गोल पोस्ट से टकरा गई थी जबकि बुकायो साका और जेडन सांचो की पेनल्टी को इटली के गोलकीपर ने रोक दिया। नियमित और अतिरिक्त समय में मुकाबला 1-1 से बराबर रहने के बाद इटली ने पेनल्टी शूट आउट में 3-2 से जीत दर्ज की। 19 साल के साका निर्णायक पेनल्टी को गोल में बदलने में नाकाम रहे, जिससे इटली ने खिताब जीता और इंग्लैंड की टीम 1966 विश्व कप के बाद अपना पहला बड़ा खिताब जीतने में नाकाम रही। इन तीनों खिलाड़ियों को तुरंत की सोशल मीडिया पर नस्ली दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड के फुटबॉल संघ ने बयान जारी करके कहा कि वे इस 'घटिया बर्ताव से स्तब्ध हैं।

खिताब जीतने वाले जोकोविच ने छोटी बच्ची को गिफ्ट किया अपना रैकेट

नई दिल्ली (एजेंसी)। सबिया के टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने विंबडलन 2021 के फाइनल में मेन सिंगल्स का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया है। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी ने फाइनल में इटली के मैटियो बेरेटिनी को 7-6, 6-3,6-4 ,6-3 से हराकर अपने करियर का 20वां ग्रैंडस्लैम जीता। विंबलडन में जोकोच का यह लगातार तीसरा खिताब है।

मैच के बाद जोकोविच ने खिताब अपने नाम किया, लेकिन उससे पहले उन्होंने एक ऐसा काम किया, जिससे वह फैन्स का दिल जीतने में कामयाब रहे। मैच के बाद जोकोविच कोर्ट के दूसरी साइड गए, जहां वह एक नन्हीं सी बच्ची से मिले और उसे अपना रैकेट भेंट किया। जोकोविच का रैकेट पाकर बच्ची की खुशी का ठीकाना नहीं रहा। दर्शकों के बीच बैठी वो बच्ची अपने हाथ में नोवाक के नाम का बैनर लिए हुई थी, जिसपर नोवाक के नाम का अक्षर लिखा हुआ था।

बच्ची के बैनर पर एक तरफ दिल बना हुआ था और दूसरी तरफ जोकोविच का फोटो लगा हुआ था। साथ में उनके नाम का वर्ड भी लिखा हुआ था। बैनर पर 'एन' का मतलब

'नंबर -1', 'ओ' का मतलब 'आउटस्टैंडिंग', 'वी' का मतलब 'विक्ट्रीज', 'ए' का मतलब 'एम्बीशंस' और 'के' का मतलब 'किशेबल' लिखा हुआ था। विंबलडन टूर्नामेंट के ट्विटर और इंस्टाग्राम पर बच्ची का यह वीडियो काफी वायरल रहा है और फैन्स इसे काफी लाइक कर रहे हैं। विंबलडन खिताब जीतने के साथ ही जोकोविच ने रोजर फेडरर और राफेल नडाल के सर्वाधिक 20 ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। जोकोविच ने इस साल खेले गए फ्रेंच ओपन 2021 का खिताब भी अपने नाम किया था। वहीं, बेरेटिनी विंबलडन फाइनल में पहुंचने वाले इटली के पहले खिलाड़ी थे। पिछले 45 सालों में ये पहला अवसर था, जब इटली का कोई खिलाड़ी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा। जोकोविच का ये 6वां विंबडलन खिताब है।

एक और खिलाड़ी के कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद डर्बीशायर और एसेक्स का मैच रद्द

नई दिल्ली (एजेंसी)। इंग्लैंड में जारी काउंटी क्रिकेट चैम्पियनशिप में खिलाड़ियों के कोरोना पॉजिटिव पाए जाने का मामला लगातार बढ़ता जा रहा है। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज और मिडलसेक्स के कप्तान पीटर हैंडसकॉम्ब के काउंटी क्रिकेट चैम्पियनशिप में कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद डर्बीशायर का खिलाड़ी कोरोना पॉजिटिव पाया गया है।

खिलाड़ी के कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद डर्बीशायर और एसेक्स के बीच डर्बी में होने वाले काउंटी चैम्पियनशिप के मैच को रद्द कर दिया गया है। डर्बीशायर की टीम मैच के पहले दिन 146 रन बनाकर आआउट हो गई थी और एसेक्स को दूसरे दिन तीन विकेट पर 86 रन से आगे अपनी पारी की शुरुआत करनी थी। डर्बी काउंटी टीम ने ट्विटर पर बताया कि मैच को कैंसिल कर दिया गया है। टीम ने एक बयान में कहा, ' रविवार की शाम किए गए टेस्ट के बाद डर्बी काउंटी इस

बात को कंफर्म करता है कि उसका एक खिलाड़ी कोरोना पॉजिटिव पाया गया है।' क्लब ने हालांकि खिलाड़ी के नाम को उजागर नहीं किया है। लेकिन उस खिलाड़ी के साथ रहने वाले बाकी अन्य खिलाड़ियों को भी सेल्फ आइसोलेशन में भेज दिया गया है।

इस बीच, डर्बीशायर काउंटी क्रिकेट क्लब ने कहा है कि वो जल्द ही दर्शकों के टिकट के पैसे भी वापस करेगा। इससे पहले, ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज और मिडलसेक्स के कप्तान पीटर हैंडसकॉम्ब भी काउंटी क्रिकेट चैम्पियनशिप में खेलते समय कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। 30 साल के हैं।

सकॉम्ब कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद रविवार को लिसेस्टरशायर के खिलाफ खेले गए चै?म्पियनशिप के ग्रुप दो मैच से बाहर हो गए और उनकी जगह आयरलैंड के तेज गेंदबाज टिम मुर्तग को टीम का अंतरिम कप्तान बनाया गया। दाएं हाथ के बल्लेबाज काउंटी चैम्पियनशिप के मौजूदा सीजन में रन बनाने के जूझ रहे हैं। उन्होंने टूर्नामेंट के सात मैचों में 17.46 की औसत से अब तक केवल 227 रन ही बनाए हैं। उनकी खराब बल्लेबाजी के कारण टीम का प्रदर्शन भी निराशाजनक रहा है और टीम ने नौ मैचों में से केवल एक में ही जीत दर्ज की है, जबकि एक में उसे ड्रॉ खेलना पड़ा है।

आकाश चोपड़ा ने बताया मुंबई इंडियंस किन खिलड़ियों को कर सकता है रिटेन

नई दिल्ली (एजेंसी)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 के लिए मेगा ऑक्शन होना है। इस दौरान सभी फ्रेंचाइजी टीमें रिटेंशन और राइट टू मैच (आरटीएम) कार्ड के जरिए अपने कुछ खिलाड़ियों को अपने पास रख सकती हैं।

आईपीएल की सबसे सफल फ्रेंचाइजी टीम मुंबई इंडियंस ने हमेशा से अपनी कोर टीम पर भरोसा रखा है। पिछले मेगा ऑक्शन (2018) की बात करें तो मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पांड्या को रिटेन किया था। कीरोन पोलार्ड और क्रुणाल पांड्या को राइट टू मैच के जरिए टीम में वापस लिया गया था। टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर और मौजूदा स्टार हिंदी कमेंटेटर आकाश चोपड़ा ने आईपीएल 2022 के लिए होने वाले मेगा ऑक्शन को लेकर मुंबई इंडियंस को कुछ सलाह दी हैं। उन्होंने बताया है कि मुंबई इंडियंस को किन चार खिलाड़ियों को इस बार रिटेन करना चाहिए।

आकाश चोपड़ा के हिसाब से रोहित शर्मा, हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह के अलावा कीरोन पोलार्ड ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्हें टीम जरूर रिटेन करना चाहेगी। उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'मेगा ऑक्शन को लेकर जो पहली टीम मेरे दिमाग में आती है, वह है मुंबई इंडियंस। रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पांड्या 100 फीसदी आप इन तीनों खिलाड़ियों को रिटेन करना चाहेंगे। मुझे लगता है कि वह पोलार्ड को रिटेन करेंगे, तो इस तरह से मेरे हिसाब से मुंबई इंडियंस रोहित, हार्दिक, बुमराह और पोलार्ड को रिटेन करेंगे। आकाश चोपड़ा ने कहा कि इसके अलावा मुंबई इंडियंस क्विंटन डिकॉक और ट्रेंट बोल्ट के लिए आरटीएम कार्ड का इस्तेमाल कर सकती है। इन दोनों ने ही पिछले दो सालों में टीम के लिए शानदार प्रदर्शन किया है। मुंबई इंडियंस मौजूदा चैंपियन है। आईपीएल 2021 की बात करें तो पहले फेज का खेल हो चुका है और दूसरे फेज का टूर्नामेंट 19 सितंबर से 15 अक्टूबर के बीच युनाइटेड अरब अमीरात (यूएई) में खेला जाएगा।

बेन स्टोक्स ने रचा इतिहास, ऐसा करने वाले इंग्लैंड के 25वें खिलाड़ी बने

नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच इन दिनों तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जा रही है। मेजबान इंग्लैंड की टीम ने पहले दोनों वनडे मैच जीतकर सीरीज में 2-0 की लीड ले ली है। सीरीज का तीसरा और अंतिम मैच बर्मिंघम में मंगलवार को खेला जाएगा। टीम के अनुभवी ऑलराउंडर और इस सीरीज में कप्तानी कर रहे बेन स्टोक्स ने इस दौरान अपने नाम एक और उपलब्धि हासिल कर ली है। स्टोक्स इंग्लैंड के लिए 100 वनडे मैच खेलने वाले 25वें खिलाड़ी बन गए हैं। इंग्लैंड क्रिकेट ने

सोशल मीडिया पर एक फोटो पोस्ट की है, जिसमें स्टोक्स को 100वां वनडे कैप दिया गया है। स्टोक्स ने 2011 में डेब्यू किया था और उन्होंने इंग्लैंड की टीम के लिए अब तक 2839 रन बनाए हैं, जिसमें तीन शतक शामिल हैं। ऑलराउंडर ने साथ ही अपने टीम के लिए अब तक 74 वि?केट भी चटकाए हैं। इंग्लैंड के कप्तान इयोन मोर्गन ने देश के लिए अब तक सबसे ज्यादा वनडे मैच खेले हैं। उन्होंने 223 वनडे मैचों में अब तक 6957 रन बनाए है। मोर्गन इस समय क्वारंटीन में है क्योंकि पाकिस्तान के खिलाफ जारी वनडे सीरीज के शुरू होने से पहले ही इंग्लैंड टीम के कुछ खिलाड़ी और सपोर्ट कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे। इसके कारण इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) को सीरीज के लिए पूरी नई टीम का चयन करना पड़ा था। वनडे सीरीज के बाद इंग्लैंड को पाकिस्तान के साथ टी20 सीरीज भी खेलनी है।

कश्मीरी पंडित महिलाओं का अंतिम संस्कार कर मुसलमानों ने पेश की अनोखी मिसाल

नई दिल्ली (एजेंसी)। कभी आतंकवाद तो कभी राजनीति कश्मीर की फिजाओं में जहर घोलना चाहती है। लेकिन इन सबके बावजूद अभी भी यहां कश्मीरियत जिंदा है। हाल ही में हुई एक घटना से यह बात एक बार फिर से साबित हो चुकी है। दक्षिणी कश्मीर के कुलगाम जिले में मुसलमानों ने दो कश्मीरी पंडित महिलाओं का अंतिम संस्कार का सामाजिक समरसता की मिसाल पेश की। यह महिलाएं उन कश्मीरी पंडितों के परिवार की थीं, जिन्होंने 1990 में कश्मीर नहीं छोड़ा था। रिपोर्टों के मुताबिक चंद रानी 80 और कौशली देवी 83 की मौत हो गई थी। इसके बाद मुसलमानों ने दोनों की हिंदू रीति-रिवाज के साथ अंतिम संस्कार किया। स्थानीय निवासी गुलाम मोहुद्दीन शाह ने बताया सभी क्रियाकर्म मुसलमानों ने ही संपन्न कराए। कश्मीरी पंडित महिलाओं के शव को दाह संस्कार के लिए ले जाने और आखिरी वक्त तक सबने बारीकी से निगाह रखी। रमेश कुमार नाम के कश्मीरी पंडित ने कहा कि कश्मीरी मुसलमान और पंडित एक ही सिक्के के दो पहलू हैं।

दोनों के बीच भाईचारा और सांप्रदायिक सद्भाव कभी खत्म नहीं होगा। हालांकि कुछ ?खबरों में कहा गया है कि दोनों महिलाओं का अंतिम संस्कार उनके रिश्तेदारों ने किया। इस दौरान मुस्लिमों ने उन्हें सभी तरह की मदद मुहैया कराई।

मॉनसून सत्र के दौरान हर दिन विपक्षी पार्टियों को वार्निंग लेटर भेजेगा संयुक्त किसान मोर्चा, संसद के बाहर प्रदर्शन का ऐलान

नई दिल्ली (एजेंसी)। संसद का मॉनसून सत्र 19 जुलाई से शुरू हो रहा है। विपक्ष ने कई मुद्दों पर सरकार को संसद के अंदर घेरने की योजना बनाई है तो संसद के बाहर भी इस सत्र के दौरान हंगामा देखने को मिल सकता है। दरअसल अभी तीन कृषि कानूनों को हटाने की मांग को लेकर किसानों का प्रदर्शन खत्म नहीं हुआ है। इस बीच सोमवार को संयुक्त किसान मोर्चा ने ऐलान किया है कि वो पूरे मॉनसून सत्र के दौरान हर दिन विपक्षी पार्टियों को एक वार्निंग लेटर भेजेगा।इस लेटर के जरिए संसद के अंदर बैठे विपक्षी पार्टियों के सदस्यों से कहा जाएगा कि वो संसद में किसानों की आवाज को उठाएं। संसद के अंदर के अलावा सरकार के खिलाफ संसद के बाहर मोर्चाबंदी करने का प्लान भी संयुक्त किसान मोर्चा ने बनाया है।

सीएम हेमंत विश्व सरमा के दावा- मिजोरम के लोगों ने असम की 1800 हेक्टेयर जमीन पर किया कब्जा

गुवाहाटी (एजेंसी)। असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व सरमा ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि पड़ोसी राज्य मिजोरम के लोगों ने असम के तीन जिलों में लगभग 1800 हेक्टेयर जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया है।

मुख्यमंत्री का बयान ऐसे समय आया है जब मिजोरम के लोगों द्वारा कथित तौर पर असम के कछार जिले में जमीन पर कब्जा करने की पृष्ठभूमि में दोनों राज्यों के बीच तनाव की स्थिति है। आल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआइयूडीएफ) के विधायक सुजामउद्दीन लस्कर के सवाल का जवाब देते हुए सरमा ने कहा कि बराक घाटी क्षेत्र में कुल 1,777.58 हेक्टेयर जमीन पर मिजोरम से आए लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है।

सरमा ने कहा कि इसमें से सर्वाधिक क्षेत्रफल वाले हैलाकांदी जिले की एक हजार हेक्टेयर जमीन पर कब्जा किया गया है। उन्होंने कहा कि कछार में 400 हेक्टेयर और करीमगंज में 377.58 हेक्टेयर जमीन पर अवैध कब्जा किया गया।

गृह विभाग का भी कार्यभार

संभाल रहे सरमा ने कहा कि असम पुलिस द्वारा गश्त और क्षेत्र में उपस्थिति दर्ज कराने जैसे उपाय किये गए हैं ताकि जमीन से अवैध कब्जा हटाया जा सके और असम की ओर रहने वाले लोगों की सुरक्षा हो सके। उन्होंने कहा, असम मिजोरम सीमा पर हैलाकांदी, करीमगंज और कछार जिले में कुल नौ बॉर्डर आउटपोस्ट स्थापित किये गए हैं। इनमें से छह हैलाकांदी में, दो करीमगंज में और एक कछार में स्थित है।

असम में किडनी रैकेट! गरीबी की वजह से कई लोगों ने बच दी किडनी, शिकायत के बाद महिला समेत 2 गिरफ्तार

नई दिल्ली (एजेंसी)। असम के कुछ इलाकों में रहने वाले लोग अत्यधिक गरीबी की वजह अपनी किडनी बेचने के लिए मजबूर हो रहे हैं। देश के पूर्वोत्तर राज्य में किडनी रैकेट के पर्दाफाश होने का दावा किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि इस किडनी रैकेट का खुलासा उस वक्त हुआ जब यहां कुछ लोगों ने एक कथित एजेंट समेत चार लोगों को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। यह भी कहा जा रहा है कि अब तक 30 लोगों ने यहां गरीबी की वजह से अपनी किडनी बेच दी है। यह मामला मोरीगांव जिले के दक्षिण धर्मातुल गांव का है। 'ऊप नै घ्र्हैह' जै' की एक रिपोर्ट के मुताबिक आधा दर्जन से ज्यादा लोगों ने मीडिया के सामने आकर यह बात कबूल की है कि उन्होंने अपनी किडनी बेच दी है। बताया जा रहा है कि इस गांव के ज्यादातर लोग किसान हैं या फिर दैनिक मजदूर और ये सभी कोरोना महामारी की वजह से लॉकडाउन लगने के बाद काफी आर्थिक परेशानियों से गुजर रहे थे।

कुछ लोगों का कहना है कि लोन चुकाने के लिए उन्होंने अपनी किडनी बेची है। कुछ लोगों ने मीडिया के सामने यह बताया है कि अपने परिवार के सदस्य के इलाज के लिए उन्होंने अपनी किडनी बेची है। किडनी बेचने वालों में से कुछ लोगों ने मीडिया को बताया कि किडनी रैकेट चलाने वाले लोग उन्हें लेकर कोलकाता लेकर गये थे जहां उनकी सर्जरी की गई थी। अभी हाल ही में गांव के लोगों ने इस किडनी रैकेट में शामिल एक कथित एजेंट और तीन अन्य लोगों

को पकड़ कर पुलिस के हवाले किया है। पुलिस ने इस रैकेट की पुष्टि की है।

मोरीगांव की पुलिस अधीक्षक अपर्णा नटराजन ने बताया है कि इस मामले में 2 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें एक महिला भी शामिल है। कितने लोगों ने अब तक अपनी किडनी बेची है? इसकी संख्या को लेकर पुलिस ने अभी कुछ भी नहीं कहा है। पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि इस संबंध में सभी सूचनाएं राज्य की संबंधित कमेटी को सौंपी गई है और मामले की जांच की जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक इस रैकेट में शामिल जिस कथित एजेंट को पकड़ा गया है उसका नाम लिलीमई बोडो है। लिलीमई गुवाहाटी का रहने वाला है। उसे गांव वालों ने उस वक्त पकड़ा जब वो गांव में अपनी किडनी बेचने वाले गरीब इच्छुक लोगों की तलाश में भटक रहा था। स्थानीय लोगों का आरोप है कि लिलीमई यहां गरीब लोगों को किडनी के बदले 4-5 लाख रुपए देने का लालच देता था।

टूरिस्ट प्लेस में उमड़ती भीड़ पर आईएमए की चेतावनी

ये कोरोना की तीसरी लहर का मुख्य कारण बन सकती है

नई दिल्ली (एजेंसी)। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने सरकार और लोगों के ढिलाई बरतने तथा कोविड-19 प्रोटोकॉल का अनुपालन किये बगैर बड़ी संख्या में लोगों के एकत्र होने को लेकर सोमवार को चिंता प्रकट की। साथ ही, कहा कि ये घटनाएं महामारी की तीसरी लहर का मुख्य कारण बन सकती हैं।

आईएमए ने एक बयान में कहा कि पर्यटकों का आगमन, तीथ्यात्राएं, धार्मिक उत्साह जरूरी हैं लेकिन कुछ और महीने इंतजार किया जा सकता है। चिकित्सकों के संगठन ने कहा कि वैश्विक साक्ष्य और किसी भी महामारी के इतिहास से यह

पता चलता है कि तीसरी लहर अवश्यंभावी और आसन्न है। बयान में कहा गया है, हालांकि, यह जिक्र करना दुखद है कि इस नाजुक वक्त में, जब हर किसी को तीसरी लहर की संभावना घटाने के लिए काम करने की जरूरत है, देश के कई हिस्सों में, सरकारें और लोग ढिलाई बरत रहे हैं तथा कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन किये बगैर बड़ी संख्या में एकत्र हो रहे हैं। पर्यटकों का आगमन, तीथ्यात्राएं और धार्मिक उत्साह, ये सभी जरूरी हैं लेकिन कुछ महीने इंतजार किया जा सकता है।

आईएमए ने कहा, इनकी इजाजत देना और लोगों को टीका लगवाए बगैर इस भीड़भाड़ में शामिल होने देना कोविड की तीसरी लहर में बड़ा योगदान दे सकता है। ओडिशा के पुरी में सालाना रथ यात्रा शुरू होने के दिन और उत्तर प्रदेश तथा उत्तराखंड में कांवड़ यात्रा की अनुमति दिए जाने की वार्ता होने के बीच यह बयान आया है। आईएमए ने सभी राज्यों से लोगों की भीड़भाड़ को रोकने की अपील की है।

5 सितंबर को करेंगे बड़ी पंचायत, हम चुनाव नहीं लड़ेंगे; वोट की चोट देंगे: टिकैत

नई दिल्ली (एजेंसी)। नए कृषि कानून के खिलाफ आंदोलन कर किसानों के नेता राकेश टिकैत ने सोमवार को कहा कि हम 5 सितंबर को एक बड़ी पंचायत करेंगे। किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि 5 सितंबर को हम एक बड़ी पंचायत करेंगे जिसमें किसान आंदोलन के लिए आगे की रणनीति बनाएंगे। हम चुनाव नहीं लड़ेंगे। हम वोट की चोट देंगे। बता दें नए कृषि कानून के खिलाफ किसानों का आंदोलन कई महीने बात भी जारी है। सरकार के साथ कई दौर की बातचीत के बाद भी किसान पीछे हटने को तैयार नहीं है। पिछले दिनों किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने एक बार फिर दोहराया था कि अगर केंद्र कृषि कानूनों पर चर्चा चाहता है तो हम बातचीत के लिए तैयार हैं। इसी बीच उन्होंने कृषि कानूनों के मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र में ले जाने की बात पर सफाई भी दी थी। न्यूज एजेंसी एएनआई से बातचीत में किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने कहा कि 22 जुलाई से हमारे 200 लोग संसद के पास विरोध प्रदर्शन करेंगे। साथ ही उन्होंने कि हमने ये नहीं कहा था कि कृषि कानूनों को लेकर संयुक्त राष्ट्र में जाएंगे।

कोविड-19 वैक्सीन की मिक्सिंग और मैचिंग है खतरनाक, डब्लूएचओ ने चेताया

नई दिल्ली (एजेंसी)। कोरोना के खिलाफ अभी पूरी दुनिया में लड़ाई जारी है। कोशिश यह है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों तक कोविड-19 के खिलाफ लड़ने वाली वैक्सीन को पहुंचाया जा सके। इस बीच विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोविड-19 वैक्सीन के मिक्सिंग और मैचिंग को लेकर चेताया है।

सोमवार को संगठन की मुख्य वैज्ञानिक डॉक्टर सौम्या स्वामीनाथन ने चेतावनी देते हुए कि अलग-अलग कंपनियों के बने वैक्सीन का इस्तेमाल पहले और दूसरे डोज के तौर पर करना एक खतरनाक ट्रेंड है। ँध्र् की तरफ से साफ किया गया है कि इस मिक्सिंग के क्या परिणाम होते हैं, इसके बारे में कोई डेटा उपलब्ध नहीं है। एक ऑनलाइन ब्रिफिंग के दौरान स्वामीनाथन ने कहा कि 'कई लोगों ने हमसे पूछा कि उन्होंने वैक्सीन की एक डोज ली है और उनकी योजना है कि वो वैक्सीन की दूसरी डोज किसी अन्य कंपनी की लें। लेकिन यह थोड़ा खतरनाक ट्रेंड है। हमारे पास वैक्सीन के मिक्सिंग और मैचिंग को लेकर कोई डेटा उपलब्ध नहीं है। अलग-अलग कंपनियों की वैक्सीन को मिलाने और मैचिंग करने का यह तरीका इम्यून को बढ़ाने के लिए किया जाता है। फाइजर, एस्ट्रेजेनिका, और स्पूतनिक इन सभी वैक्सीनों के दो डोज दिये जा रहे हैं और सभी कंपनियों के वैक्सीन के डोज के

बीच का समय अंतराल अलग-अलग है। स्पूतनिक वी लाइट और जॉनसन एंड जॉनसन के वैक्सीन का सिर्फ एक डोज ही दिया जा रहा है।

डॉक्टर सौम्या स्वामीनाथन ने आगे कहा कि 'मिक्स और मैच को लेकर सीमित डेटा ही मौजूद है। इसपर अभी अध्ययन किया जा रहा है और हमें इंतजार करना चाहिए। हो सकता है कि यह अच्छी कोशिश हो। लेकिन इस वक्त हमारे पास सिर्फ एस्ट्रेजेनिका वैक्सीन को लेकर ही डेटा मौजूद है। अगर अलग-अलग देशों के नागरिक खुद यह तय करने लगेंगे कि कब और कौन दूसरा, तीसरा और चौथा डोज लेगा तब अराजक स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। सौम्या स्वामीनाथन ने इस दौरान पूरे विश्व में वैक्सीन के एक समान डिस्ट्रिब्यूशन पर जोर दिया। सौम्या स्वामीनाथ ने साफ किया कि इस बारे में भी अभी कोई डेटा उपलब्ध नहीं है कि बूस्टर शॉट की जरुरत निश्चित तौर से है, खासकर कोरोना के खिलाफ लड़ने वाले दोनों वैक्सीन लेने के बाद। उन्होंने कहा कि इसके बजाए कोवैक्स कार्यक्रम के जरिए दवाइयों के वितरण की जरुरत है खासकर उन देशों में जिन्हें अभी अपने फ्रंट लाइन वर्क्स, उम्रदराज लोग और कीमती आबादी को इम्यून करने की जरुरत ज्यादा है।

संसद के मॉनसून सत्र से पहले लोकसभा में नेता बदलेगी कांग्रेस?, सोनिया के साथ बैठक में 'वन मैन वन पोस्ट' पर माथापच्ची

नई दिल्ली (एजेंसी)। 19 जुलाई से संसद का मॉनसून सत्र शुरू हो रहा है। संसद के अंदर मोदी सरकार को घेरने के लिए कांग्रेस पार्टी बड़ी रणनीतिक फेरबदल करने की योजना पर काम कर रही है। संसद का सत्र शुरू होने से पहले कांग्रेस पार्टी ने 14 जुलाई को अपनी संसदीय रणनीतिक समूह की एक बैठक बुलाई है।

संसद सत्र के शुरू होने से ठीक पहले कांग्रेस की इस बैठक को काफी अहम माना जा रहा है। यह बैठक पार्टी की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी की अध्यक्षता में होनी है। यह बैठक वर्चुअल होगी जिसमें पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। ऐसा माना जा रहा है कि इस बैठक में पार्टी संसद के अंदर मोदी सरकार को घेरने के लिए बड़े रणनीतिक फैसले ले सकती है। कहा जा रहा है कि कांग्रेस, लोकसभा में अपनी पार्टी के नेता का चेहरा बदल सकती है। अब

तक लोकसभा में नेता विपक्ष के तौर पर अधीर रंजन चौधरी मोदी सरकार पर अपने तीखे सवालों की बौछार करते नजर आए हैं। लेकिन अब पार्टी अधीर रंजन चौधरी के बजाए किसी और को लोकसभा में नेता विपक्ष की बड़ी जिम्मेदारी सौंपने के मूड में है। कांग्रेस नेताओं के मुताबिक बैठक में लोकसभा में अधीर रंजन चौधरी को बदलने पर अंतिम फैसला होगा। साथ ही नए नाम पर भी पार्टी नेता चर्चा करेंगे।अब सवाल यह है कि पार्टी लोकसभा में इतनी बड़ी जिम्मेदारी किसे देगी? यूं तो इस लिस्ट में कई नामों को लेकर चर्चा है हालांकि, सवाल यह भी उठ रहे हैं कि क्या इस पद के लिए एक नाम राहुल गांधी भी हो सकते हैं।

कई मीडिया रिपोर्ट्स में ऐसा कहा जा रहा था कि इस पोस्ट को लेकर सोनिया गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी की राहुल गांधी से बातचीत भी हुई है। कई पार्टी नेता यह भी मानते हैं कि अगर राहुल गांधी इस पद को लेने के लिए मान जाते हैं तो कांग्रेस अध्?यक्ष की कुर्सी पार्टी के बाहर किसी अन्?य को दी जा सकती है। यह उन 23 नेताओं की भी मांग पूरी होने जैसा होगा, जिन्?होंने सोनिया गांधी को पत्र लिखकर कांग्रेस में बदलाव की मांग की थी। हालांकि, राहुल गांधी खुद इस पद के लिए तैयार होंगे या नहीं? यह कहना थोड़ा मुश्किल है। हालांकि, कुछ अन्य मीडिया रिपोर्ट्स में यह भी कयास लगाए जा रहे हैं कि अधीर रंजन की जगह जी-23 के किसी नेता को लोकसभा में नेता विपक्ष बनाया जा सकता है। इसी ग्रुप ने संगठनात्मक चुनाव समेत कई मुद्दों को लेकर सोनिया गांधी को पत्र लिखा था। साथ ही वो लंबे वक्त से पार्टी से नाराज चल रहे हैं। अभी फिलहाल शशि थरूर, मनीष तिवारी, गौरव गोगोई, रवनीत सिंह बिट्टू और उत्तम कुमार रेड्डी आदि के नाम पर विचार किया जा रहा है।

तालिबान अपना रहा लड़ाई का नया तरीका, आम लोगों के घर में ठिकाना बना कर रहा हमला

नई दिल्ली (एजेंसी)। अफगानिस्तान में तालिबान ने लड़ाई का नया ढंग अपनाया है। इससे अफगानिस्तान आर्मी को तालिबान लड़ाकों पर हमला करने में मुश्किलें आ रही हैं। असल में तालिबान ने मध्य अफगानिस्तान में स्थित गजनी शहर को घेर लिया है। इसके बाद वो आम ना?गरिकों के घरों पर कब्जा करके यहां से सुरक्षा बलों पर हमले कर रहा है। गौरतलब है ?कि अमेरिकी सेना 31 जुलाई तक अफगानिस्तान को छोड़कर चली जाएगी। इस बात की घोषणा होने के साथ ही तालिबान ने यहां हिंसा और मारकाट शुरू दी थी। गजनी की प्रांतीय परिषद के सदस्य हसन रेजाई ने कहा कि गजनी? की स्थिति काफी ज्यादा खराब है। तालिबान आम नागरिकों के घरों को अपना ठिकाना बना रहा है। इससे अफगान सुरक्षा बल को उनके खिलाफ कार्रवाई करने में मुश्किलें आ रही हैं। उधर तालिबान और अफगान सरकार के बीच शांतिवार्ता कतर की राजधानी में चल रही है। हालांकि आधिकारिक जानकारियों के मुताबिक इसमें बहुत ज्यादा प्रगति नहीं है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है दोनों पक्षों के बीच कांधार के ?दक्षिणी प्रांत में तेज संघर्ष जारी है। बताया जाता है कि यह वो इलाका है जहां पर पारंपरिक रूप से तालिबान की पकड़ मजबूर रही है। अफगानिस्तान के पूर्व सांसद हामिद ललाय जो कि सुरक्षा बलों की तरफ से तालिबान के खिलाफ संघर्ष में शामिल हैं, बताते हैं कि गजनी काबुल और कांधार के बीच मुख्य रास्ता है। पिछले चार दिन से तालिबान कांधार शहर पर पश्चिमी तरफ से हमला कर रहा है। उन्होंने कहा कि अफगान सुरक्षा बल और विशेष बल तालिबान को पीछे धकेलने की कोशिश कर रहे हैं।

वहीं अफगानिस्तान एयर फोर्स के विभिन्न हवाई हमलों में कम से कम 40 तालिबानी मारे गए हैं। यह हवाई हमले रविवार को किए गए थे और अफगानिस्तान के रक्षा मंत्री ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में दक्षिणी हेलमंद प्रांत में 14 आतंकी मारे गए, वहीं गार्मसेर जिले में दो अन्य घायल हुए हैं। मारे गए आतंकवादियों मे मौलावी हिजरत नाम का आतंकी भी है जो गार्मसेर की रेड यूनिट में तालिबान का डिप्टी कमांडर था।

नेपाल में इश् केपी शर्मा ओली को झटका, सुप्रीम कोर्ट ने भंग प्रतिनिधि सभा को दूसरी बार किया बहाल

काठमांडू (एजेंसी)। नेपाल के सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को भंग प्रतिनिधि सभा को करीब पांच महीने में दूसरी बार बहाल करते हुए प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली को बड़ा झटका दिया है जो सदन में विश्वास मत हारने के बाद अल्पमत सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने सोमवार को यह आदेश भी दिया कि दो दिन के अंदर नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा को प्रधानमंत्री नियुक्त किया जाए।

प्रधान न्यायाधीश चोलेंद्र शमशेर राणा की अध्यक्षता वाली पीठ ने पिछले हफ्ते इस मामले में सुनवाई पूरी की थी। पीठ में उच्चतम न्यायालय के चार अन्य वरिष्ठतम न्यायाधीश- दीपक कुमार करकी, मीरा खडका, इश्वर प्रसाद खातीवाड़ा और डॉ. आनंद मोहन भट्टाराई - शामिल हैं।

राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी ने प्रधानमंत्री ओली की अनुशंसा पर 275 सदस्यीय निचले सदन को 22 मई को पांच महीने में दूसरी बार भंग कर दिया था और 12 व 19 नवंबर को मध्यावधि चुनाव की घोषणा की थी। चुनावों को लेकर अनिश्चितता के बीच निर्वाचन आयोग ने पिछले हफ्ते मध्यावधि चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा की थी। नेपाली कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन द्वारा दायर याचिका समेत करीब 30 याचिकाएं राष्ट्रपति द्वारा सदन को भंग किए जाने के खिलाफ दायर की गई थीं।

पाकिस्तानी संसद की सूरक्षा में बड़ी चूक, बाहर पिस्तौल लहराते पकड़ा गया व्यक्ति

इस्लामाबाद (एजेंसी)। पाकिस्तान की पुलिस ने राजधानी की उच्च सुरक्षा वाले रेड जोन में स्थित देश के संसद भवन के बाहर पिस्तौल लहराने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। टीवी पर प्रसारित फुटेज में पारंपरिक सलवार-कमीज और पगड़ी पहने एक व्यक्ति को कई सुरक्षा बलों से घिरा देखा जा सकता है। उक्त व्यक्ति मुख्य सड़क पर एक हाथ में पिस्तौल और दूसरे हाथ में चाकू जैसी वस्तु लिए हुए नजर आ रहा है।गृह मंत्री शेख राशिद अहमद के अनुसार, सुरक्षा बलों ने बिना किसी अप्रिय घटना के व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया और जांच के लिए पुलिस थाने ले गए। उन्होंने बताया कि व्यक्ति से पिस्तौल जब्त कर ली गई है, उसमें कोई गोली नहीं थी। उन्होंने इस संबंध में और कोई जानकारी नहीं दी।मंत्री ने कहा, पुलिस मामले की जांच कर रही है और हम पता लगा लेंगे कि वह उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्र में कैसे घुसा। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी व्यक्ति की पहचान रावलपिंडी के चक्री गांव निवासी 45 वर्षीय व्यक्ति के रूप में हुई है।